16 korba-BHOOMI-pg1_Layout 1 12/16/2023 11:31 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि
बिलासपुर, रविवार 17 दिसंबर 2023
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 नेशनल लोक अदालत में 4 हजार 370 प्रकरणों का हुआ निराकरण



हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना-2023

मास्टर कूपन 17 दिसंबर 2023

कूपन नं. 8

# महिला बाल विकास के तीन संवेदशील सेंटर किराए के भवन में

अलग खबर

महिला बाल विकास विभाग के तीन संवेदनशील सेंटर जो महिलाओं और बालक, बालिकाओं से संबंधित है। उन्हें अब तक सरकारी भवन नहीं मिला है। अलग अलग स्थानों में किराये के भवन पर चलाने की मजबूरी विभाग के सामने है। जबकि सुरक्षा के दृष्टि से तीनों ही शासकीय भवनों में ही चलना चाहिए। बड़ी प्रशासनिक पहल नहीं होने से किराये के भवन में ही चलाने की परिस्थितियां निर्मित हो रही है।

दिल्ली में कुछ वर्ष घटित निर्भयाकांड के बाद महिलाओं की सुरक्षा के बाद केंद्र सरकार ने देशभर कड़ाई बरतते हुए सखी सेंटर संचालित करने के निर्देश दिए। इसके तहत कोरबा जिले में भी सखी टॉप वन सेंटर का संचालन 4 वर्ष पूर्व शुरु हुआ था। इसके अलावा घर से किसी कारणवश बाहर निकलने वाली लड़कियों की सुरक्षा के लिए बालिकागृह का संचालन बीते 7 वर्षों से किया जा रहा है। वहीं लड़कों की सुरक्षा के लिए और उन्हें सही रास्ते पर लाने के लिए बालक गृह का संचालन बीते दस वर्षों से इस जिले में किया जा रहा है। इतनी लंबी अवधी गुजर जाने के बाद भी इन तीनों संवेदनशील सेंटरों को सुरक्षित स्थान पर संचालित करने के लिए किसी तरह के शासकीय भवन नहीं मिले हैं। जबकि सुरक्षा की दृष्टि से इन तीनों संवेदनशील सेंटर को सरकारी भवन में चलाने की आवश्यकता है। सखी सेंटर नगर पालिक निगम के पोड़ीबहार वार्ड में मुख्यमार्ग के किनारे किराये के घर में चल रहा है। यही स्थिति बालिकागृह की है जो आईटीआई क्षेत्र में ही संचालित है। बालक गृह किराये के भवन में ही संचालित है। तीनों सेंटरों की दूरी आपस में चार से पांच किलोमीटर की बीच पड़ती है ऐसी स्थिति में तीनों की निगरानी करना विभाग के लिए कर्मचारियों के लिए कठीन भी हो जाता है। विभाग के द्वारा शासकीय भवन की मांग भी इन सेंटरों के संचालन के लिए की गई है लेकिन विभाग के इस प्रस्ताव पर अब तक अमल नहीं हुआ जबकि लंबा समय इन सेंटरों को संचालन होते बीत गया है। वहीं प्रशासन के पास कुछ ऐसे शासकीय भवन हैं जो डीएमएफ मद से बने हैं लेकिन उपयोग नहीं हो रहा है। डिंगापुर के पास ऐसा ही एक शासकीय भवन डीएमएफ मद से बनाया गया है जिसका आज तक उपयोग नहीं हो सका और भवन जर्जर होने की स्थिति में है।

## मामला सखी सेंटर बालक एवं बालिका गृह का, नहीं मिल रहे सरकारी भवन




### किया गया है पत्र व्यवहार

सखी सेंटर संचालन हेतु सरकारी भवन के लिए पत्र व्यवहार किया गया है। इसी तरह बालक और बालिका गृह के लिए जो भवन बने है उनको हैंडओवर करने की तैयारी चल रही है। कुछ कमियां थी जिसके वजह से हैंडओवर नहीं हो सका है।

-प्रीति खोखर चखियार, डीपीओ

### कोहड़िया में बने भवन हैंडओवर नहीं

महिला बाल विकास विभाग के बालक और बालिका गृह के लिए ग्राम कोहड़िया वार्ड में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के पास एक बड़ी बिल्डिंग तैयार की गई है। किंतु उक्त बिल्डिंग अब तक महिला बाल विकास विभाग को हैंडओवर ही नहीं हुई है। यही कारण है कि उक्त भवन भी जर्जर होने की स्थिति में पहुंच चुका है। विभाग को हैंड ओवर नहीं होने से बालक ओर बालिका गृह का संचालन उक्त नए भवन में नहीं हो पा रहा है। इस संबंध में विभागीय अधिकारियों द्वारा भी अपनी ओर से भवन का संचालन हेतु प्रस्ताव विभाग को भेजा था। अब तक उनके प्रस्ताव पर पहल नहीं हो सकी है।

## खबर संक्षेप

### हरदीबाजार में तीन दिवसीय मड़ाई मेला 23 से

**हरदीबाजार।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम हरदीबाजार में तीन दिवसीय मड़ाई मेले का आयोजन किया गया है। मेला 23 से 25 दिसंबर तक लगेगी। ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, गांव के गौंटिया व ग्रामवासीयों के सहमति से तय किया गया है। मेले में दूर दराज सहित आस-पास से बड़ी संख्या में व्यापारी, ग्रामीण मेले में सहयोग करने पहुंचते हैं। मेले में आकाश झूला, ड्रेगन झूला, डिस्को झूला, मौत का कुआं, जंम्पिंक, मिक्की माउस, टाकिज, होटल सहित सभी प्रकार की दुकानें आकर्षक का केंद्र रहती है। वहीं मेले में दुकान आबंटन बाजार ठेकेदार के द्वारा किया जाएगा।

### विवाहित महिलाओं की जानकारी जुटाने का काम शुरू

**कोरबा।** प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की घोषणा को लेकर अब हितग्राहियों की जिज्ञासा बढ़ने लगी है। इस योजना के क्रियान्वयन को लेकर फिलहाल निर्देश की प्रतीक्षा है। इससे पहले कोरबा शहर में कुछ स्थानों पर अग्रिम तैयारी के रूप में विवाहित महिलाओं की जानकारी प्राप्त की जा रही है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना उसके अंतर्गत परिवार में विवाहित महिलाओं को हर महीने एक हजार की राशि सीधे उनके बैंक खाते में ट्रांसफर की जानी है। योजना के अंतर्गत महिलाओं को प्रतिवर्ष 12 हजार का लाभ सुनिश्चित होना है। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के दौरान घोषणा भाजपा की ओर से की गई थी। प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के साथ अब इस योजना पर होने वाले काम की पूछताछ शुरू हो गई है। इस प्रक्रिया में कई तरफ दलालों की सक्रिय होने की खबर है। ऐसे में ठगी की आशंका के मद्देनजर सतर्कता बरती जा रही है। भले ही फिलहाल शासन स्तर से इसे लेकर निर्देश नहीं आया है लेकिन हितग्राहियों की सुविधा के लिए पार्षद सुफल दास महंत ने अपने वार्ड में विवाहित महिलाओं की जानकारी इकट्ठा करना शुरू कर दिया है।

### दिव्यांग बच्चों के लिए आंकलन एवं मूल्यांकन शिविर

**कोरबा।** बीआरसी अंधरी कछार कोरबा में किया गया। दिव्यांग शिविर में कुल 65 दिव्यांग बच्चे सम्मिलित हुए जिसमें मानसिक दिव्यांग 6 बच्चे अस्थि बधिर 23 क 8 चॅलेसेमीज दो पूर्ण दृष्टिबाधित तीन अल्प दृष्टि 6 मुख बधिर 6 बवनापन एक श्रवण बाधित 6 आस्थामिक दो फिजिकल सेल 4 से ग्रसित बच्चों शिविर में शामिल हुए शिविर में मेडिकल बोर्ड द्वारा 14 दिव्यांग बच्चों का दिव्यंगता प्रमाण पत्र बनाया गया साथ ही 10 दिव्यांग बच्चों का यू आई डी कार्ड बनाया गया शिविर में विशेष रूप से मेडिकल बोर्ड से विशेषज्ञ डॉक्टर उपस्थित रहे। अस्थिबाधित के डॉक्टर जी दीवान सिकलसेल डॉक्टर जीएस यात्रा नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर अरुणिता सिसोदिया श्रवण बाधित डॉक्टर ज्योति मनोरोग विशेषज्ञ डॉक्टर संजय तिवारी कृत्रिम प्रत्यारोपण हेतु डॉक्टर जीना उपाथित रहे। साथ ही पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग के समस्त स्टाफ विशेष रूप से उपस्थित होकर अपना सहयोग प्रदान किया। विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों के शिविर में जिला शिक्षा अधिकारी जी पी भारद्वाज के मार्गदर्शन व जिला मिशन समन्वयक मनोज पांडेय एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय अग्रवाल उपस्थित रहेंगे।

### सेतु निगम ने शासन को चार माह पूर्व भेजा था प्रस्ताव

# ग्रामीण अंचल के लिए प्रस्तावित पुल पुलियों का निर्माण अधर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के ग्रामीण अंचल में अभी भी कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जहां पुल पुलियों का आभाव नजर आता है ऐसे क्षेत्रों वाले ग्रामीण अंचलों को पहुंच मार्ग के साथ पुल पुलियों की सौगात दिलाने के लिए सेतु निगम की ओर से विधानसभा चुनाव के पूर्व जो पुल पुलियों का प्रस्ताव जो शासन को भेजा गया था उस पर अब ग्रहण लगते नजर आ रहा है। इनकी स्वीकृति के लिए अब नई सरकार की ओर ग्रामीणों और प्रशासन की निगाहें टिकी है।

**खास बात**

- अब नई सरकार के उपर टिकी है निगाहें

जिले के दुरुस्त ग्रामीण अंचलों के नदी नालों में पुल पुलियों का निर्माण सेतु निगम और लोक निर्माण विभाग और कहीं कहीं छोटे छोटे पुलियों का निर्माण पंचायत अपने स्तर पर करती है। इसके लिए शासन से स्वीकृति और राशि आहरण के बाद ही कार्य शुरु होता है। ऐसी ही पुल पुलियों के निर्माण हेतु सेतु निगम द्वारा कुछ ग्रामों का चयन कर एक प्रस्ताव तैयार किया था पर इसको स्वीकृति के लिए चार माह पूर्व विधानसभा चुनाव के पहले शासन को भेजा था। किंतु इस पर सरकार बदलने के बाद अब ग्रहण लगते नजर आ रहा है। विभाग और उन क्षेत्रों के ग्रामीणों की निगाहें अब नई सरकार पर टिकी हुई है। प्रदेश में सरकार बदल गई है, लिहाजा अब विभागों को शासन के दिशा निर्देश का इंतजार करना होगा। ज्ञात हो कि शासन की ओर से प्राथमिकता के तौर पर पुल पुलियों के निर्माण को लेकर प्रस्ताव मांगा जाता है। जिस पर कार्यवाही करते हुए विभाग प्रस्ताव भेजता है। नई सरकार बनने के बाद जिले के विकास कार्यों के लिए प्राथमिकता के साथ कार्य स्वीकृत होंगे। ऐसे में सेतु निगम के इस प्रस्ताव को कब और कितने राशि की स्वीकृति मिलती है यह अभी भी अधर में है। विभाग के अनुसार यदि इन पुल पुलियों का निर्माण होता है तो ग्रामीण अंचलों की जो दूरी है वह घट जाएगी। वर्तमान में जिन ग्रामीण अंचलों को पुल पुलियों को जोड़ने का प्रस्ताव तैयार किया गया है उनकी दूरी कम हो जाएगी।



फाइल फोटो

### इन स्थानों पर पुल प्रस्तावित (लागत करोड़ में)

| स्थल | नदी नाला | लंबाई मीटर में |
|---|---|---|
| कसरेंगा से छुरी | अहिरन | 480 |
| गोपालपुर से नवापारा | नरसिंहगंगा नाला | 390 |
| लहरापारा से कुंभीपानी | खारून | 495 |
| लोड़ी बहरा से मातिन | टेंटी | 380 |
| भैरोताल से कपाटमुड़ा | खोलार नाला | 480 |

### भेजा गया प्रस्ताव

ग्रामीण अंचलों में पुल पुलियों के निर्माण के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। राशि स्वीकृति के बाद ही आगे की कार्यवाही शुरु होगी।

-**एके जैन**, कार्यपालन अभियंता सेतु निगम

## पत्नी पर जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी पति।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पति-पत्नी के बीच अक्सर वाद विवाद की स्थिति निर्मित होती रहती है। पति से परेशान होकर पिछले दिनों पत्नी अपने मायके चली गई थी, जहां पति भी उसे लेने के लिए अपने ससुराल जा पहुंचा था जहां दोनों के बीच फिर से कहा-सुनी हुई और आवेश में आकर पति ने पास में रखे कटार से पत्नी के गर्दन पर जानलेवा हमला कर दिया था, जिससे पत्नी को गंभीरावस्था में उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है। वहीं दूसरी ओर हमलावर पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

मामला बालको थाना क्षेत्र के लालघाट बस्ती की है। यहां निवासरत राकेश कुमार मुंडा उम्र 33 वर्ष उसी मोहल्ले में निवासरत शर्मीली मुंडा के साथ विवाह किया था। विवाह के बाद से दोनों के बीच अक्सर कहा-सनी होती रहती थी और 10 दिसंबर को शर्मीली अपने मायके चली गई थी। इसी दौरान राकेश मुंडा भी अपने पत्नी शर्मीली मुंडा को लेने के लिए अपने ससुराल आया हुआ था। वहीं पति ने अपनी पत्नी को साथ चलने के लिए कहा, लेकिन शर्मीली ससुराल जाने की मूड में नहीं थी। जिसे लेकर दोनों के बीच जमकर कहा सुनी हुई और देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि राकेश ने अपनी पत्नी शर्मीली के गर्दन पर कटार से जानलेवा हमला कर दिया। आनन-फानन में परिजनों में शर्मिली को उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया और घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी पति राकेश मुंडा मौके से फरार हो गया। आरोपी पति के खिलाफ बालको पुलिस ने धारा 307 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## विधायक फूलसिंह का किया गया सम्मान



**कोरबा।** कांग्रेस विधायक के स्वागत और सम्मान का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग ग्रामीण के सदस्यों ने फूलसिंह राठिया के गृहग्राम केरवाद्वारी स्थित निवास पहुंचकर सम्मानित किया। शाल और श्रीफल एवं फूल देकर फूलसिंह राठिया का सम्मान किया गया। सम्मानित करने वालों में जिलाध्यक्ष राजेश मानिकपुरी, उपाध्यक्ष हीरालाल यादव एवं दुर्गा प्रसाद, देवेन्द्र कुमार सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

# बिलासपुर के बदमाशों ने शहर में की थी चोरी, दो गिरफ़्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चोरी की घटना को अंजाम देकर बिलासपुर में डेरा डाले दो शातिर बदमाशों को पुलिस ने बिलासपुर में दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से 95 हजार रूपये नकद व सोने चांदी के जेवरात बरामद किया है। मामला सिविल लाईन थाना के महाराणा प्रताप नगर के मकान नंबर एमआईजी 1/67 निवासी राकी चौरसिया की है।

**खास बातें**

- आरोपियों के कब्जे से नगद 95 हजार रुपए एवं सोने चांदी के जेवर बरामद
- सिविल लाइन थाना क्षेत्र के महाराणा प्रतापनगर कालोनी में हुई थी चोरी की वारदात



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जब्त सामान।

बताया जाता है कि 8 दिसंबर की मध्य रात्रि अज्ञात चोरों ने राकी चौरसिया के घर में घुसकर सोने चांदी के जेवर सहित नगदी की चोरी कर फरार हो गए थे। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस द्वारा मामले की छानबीन की जा रही थी और पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के निर्देश पर दो टीम गठित की ⏭ शेष पेज 3 पर

### शहर में रेंकी कर सूने मकान की करते थे तलाश

पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ के दौरान पुलिस को जो जानकारी दी है उसके मुताबिक आरोपी वारदात के दिन पहले टीपी नगर लालूराम कॉलोनी के एक सूने मकान की तलाश में थे। आद में आरोपियों ने आटो से बैठकर घंटाघर पहुंचे। घंटाघर से आगे सूने मकान की रेकी करते हुए रात्रि में एक मकान में ताला लगा हुआ पाया, जिसे आरोपियों ने उक्त मकान को देखकर देखकर वापस निहारिका आ गए। रात्रि में आरोपियों ने निहारिका के पास शराब लेकर पहुंचे और निहारिका में पानी टंकी के पास जमकर शराब का सेवन किया और रात्रि लगभग 2 बजे आरोपियों ने सूने मकान को अपना निशाना बनाया और चोरी का माल लेकर कोरबा से चांपा और चांपा से बिलासपुर जा पहुंचे।

### दोपहर हुई घटना से ढाई घंटा बाधित रहा कोल परिवहन

# डी-रेल हुई मालगाड़ी, कोल परिवहन रहा प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला खदान से आने वाली लोड मालगाड़ियों के चक्कों के पटरी से उतरने जैसी घटनाएं सामने आती रहती है। बीते शुक्रवार को ऐसी ही एक घटना सामने आई। जब जुनाडीह साइडिंग से कोयला लेकर कोरबा की ओर आ रही मालगाड़ी चार चक्के पटरी से उतर गए। जिससे यातायाता लगभग 3 घंटे बाधित रहा। इससे रेलवे और एसईसीएल प्रबंधन को काफी नुकसान हुआ है।

इस संबंध में जो जानकारी सामने आई है उसके अनुसार जुनाडीह साइडिंग से कोयला लदान के बाद मालगाड़ी कोरबा के निकाली थी। गेवरा के पहले कुचेना के पास दोपहर लगभग 1.05 बजे अचानक मालगाड़ी के 10वें नंबर के वैगन का पहिया पटरी से उतर गया। पहिया पीछे का था। इस घटना की जानकारी लोको पायलट को जब तक होती तब तक मालगाड़ी आगे बढ़ चुकी थी और लगभग 5 सौ मीटर तक मालगाड़ी का पहिया पटरी से उतरकर घिसटता रहा। इसकी वजह से रेल लाइन के नीचे लगाए गए लगभग चार से पांच स्लीपर जो सीमेंट के बने हुए थे वह पूरी तरह टूट गया। हलचल होने के बाद लोको पायलट ने मालगाड़ी रोकी। तब तक चार चक्के उतर चुके थे। इससे लगभग ढाई घंटा कोयला साइडिंग से आने वाली मालगाड़ियां खदान क्षेत्र में ही रोक दी गई। जब इसकी सूचना एसईसीएल प्रबंधन और रेलवे प्रबंधन को दी गई। बताया जा रहा है कि जिस पर लाइन घटना हुई है। वह एसईसीएल प्रबंधन की लाईन है। घटना से अफसरों में हडक़ंप मच गया। अफसर व कर्मचारी मौके पर पहुंचे। घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद लाइन को बहाल करने का काम शुरू किया गया। लगभग ढाई से तीन घंटे तक कड़ी मशक्कत के बाद शाम साढ़े चार बजे को मरम्मत का कार्य पूरा किया गया।



डीरेल हुई मालगाड़ी।

# योजनाओं का लाभ आमजनों तक पहुंचाना उद्देश्य: देवांगन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रदेश में 16 दिसंबर को शाम 4 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय वर्चुअल माध्यम से इस प्रदेशव्यापी आयोजन में उपस्थित रहे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से संकल्प यात्रा के तहत प्रचार प्रसार वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से योजनाओं से लाभांवित हितग्राहियों से चर्चा कर योजनाओं से मिल रहे लाभ के संबंध में जानकारी ली। जिले के नगर पालिक निगम कोरबा के दर्री जोन अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक लखनलाल देवांगन शामिल हुए। साथ ही कलेक्टर सौरभ कुमार, पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला, सीईओ जिला पंचायत विश्वदीप, निगमायुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल, निगम के एल्डरमैन, पार्षद सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे। शिविर में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने एवं जानकारी देने हेतु विभागों द्वारा स्टॉल लगाया गया।



# सनी ने दिया एनिमल का ऑनेस्ट रिव्यू

**मुंबई।** देओल बंधुओं के लिए यह साल काफी अच्छा रहा। सनी देओल की गदर 2 एक ब्लॉकबस्टर सफलता थी और बॉबी देओल संदीप रेड्डी वांगा की एनिमल में अपने प्रदर्शन के लिए हर तरफ से प्रशंसा अर्जित कर रहे हैं। अब बॉबी के भाई एक्टर सनी देओल ने भी फिल्म देखी है और अपना रिव्यू शेयर किया है। सनी ने एनिमल की तारीफ की है मगर एक्टर ने यह भी कहा है कि फिल्म में कुछ चीजें ऐसी भी हैं, जो उन्हें पसंद नहीं आई हैं। उन्होंने कहा, मैं वास्तव में बॉबी के लिए खुश हूं। मैंने एनिमल देखी है और मुझे यह पसंद आई, यह एक अच्छी फिल्म है।

लाइफ Style

# जाह्नवी

## छोटी बहन को दी सलाह

एजेंसी ⏭ मुंबई

हिंदी सिनेमा की दिग्गज एक्ट्रेस रहीं श्रीदेवी की बड़ी बेटी जाह्नवी कपूर की तरह छोटी बेटी खुशी कपूर ने फिल्मी दुनिया में डेब्यू कर लिया है। बॉलीवुड की फेमस निर्देशक जोया अख्तर की ओटीटी मूवी 'द आर्चीज' के जरिए खुशी ने हिंदी सिनेमा में कदम रखा है।

मौजूदा समय में इस फिल्म को लेकर निर्माता बोनी कपूर की लाड़ली का नाम लगातार सुर्खियां बटोर रहा है। इस बीच खुशी कपूर की बड़ी बहन जाह्नवी कपूर ने उन्हें एक बड़ी सलाह दी है। जाह्नवी और खुशी में दो बहनों के आधार पर काफी प्यार है। अक्सर सोशल मीडिया पर एक दूसरे की फोटो शेयर कर ये दोनों प्यार लुटाती नजर आती हैं। हाल ही में जाह्नवी से एक इंटरव्यू में खुशी की पहली फिल्म 'द आर्चीज' को लेकर सवाल पूछा गया है। इस पर जाह्नवी ने खुलकर बात करते हुए कहा है, हां मैंने इस फिल्म देखी है। अगर ईमानदारी से कहूं तो मुझे उनका काम अच्छा लगा। जब मेरी उनसे (खुशी) बात हुई तो मैंने सिर्फ उनसे ये कहा कि अब वह हेट यानी नफरत के लिए तैयार हो जाएं, लोग आपको टारेगट करेंगे और बुरा भला कहेंगे। बुरी बातों पर हम यकीन जल्दी कर लेते हैं और सही बातों में ऐसा उल्टा होता। मैंने अपनी बहन से कहा कि की खुद को मत खोइए, परेशान न हो आपने अच्छा काम किया, जो वास्तविकता के आधार पर था, न की बनावटी। इस तरह से जाह्नवी ने खुशी को बड़ी बहन होने के वाते बड़ी सलाह दी। नेटफ्लिक्स फिल्म 'द आर्चीज' में खुशी ने बैट्टी कूपर की भूमिका को अदा किया है।



हॉलीवुड मसाला



# ब्वॉयफ्रेंड के साथ हुईं रोमांटिक

**लॉस एंजेलिस।** दुनियाभर में अपनी आवाज का जादू चलाने वाली सेलेना गोमेज अक्सर अपने अफेयर को लेकर हेडलाइंस में छाई रहती हैं। जस्टिन बीबर समेत कई लोगों के साथ सेलेना का नाम जुड़ चुका है। अब सेलेना गोमेज म्यूजिक इंडस्ट्री के एक जाने-माने शख्सियत को डेट कर रही हैं और वह हैं बेंजामिन जोसेफ लेविन, जिन्हें बेनी ब्लैंको भी कहा जाता है। कुछ महीनों से सेलेना और बेनी का नाम जोड़ा जा रहा था। हाल ही में, सेलेना ने बेनी के साथ अपने रिश्ते पर मुहर लगा दी और बताया कि वह उनके साथ बहुत खुश हैं।




# माई बेस्ट फ्रेंड्स वेडिंग का सीक्वल देखना चाहती हैं जूलिया

**लॉस एंजेलिस।** एक्ट्रेस जूलिया रॉबर्ट्स से पूछा गया कि क्या उनके करियर की कोई ऐसी फिल्म है, जिसका वह संभावित सीक्वल देखना चाहेंगी, तो उन्होंने जवाब दिया 'माई बेस्ट फ्रेंड्स वेडिंग', जो 1997 में रिलीज हुई थी। रॉबर्ट्स ने कहा,माई बेस्ट फ्रेंड्स वेडिंग में बहुत सारे लोग हैं और यह देखने के लिए कि वे क्या कर रहे हैं और किम्मी और माइकल की शादी कैसी चल रही है, इसका सीक्वल देखना चाहूंगी। रॉबर्ट्स ने कहा, निश्चित रूप से, जूल्स से है। लेकिन उन्होंने किम्मी से शादी कर ली। जूलिया ने फिल्म में जूलियन नामक एक महिला की भूमिका निभाई, जिसे पता चलता है कि वह अपने सबसे अच्छे दोस्त माइकल (डरमॉट मुलरोनी) से प्यार करती है, लेकिन जब उसे पता चलता है कि वह कॉलेज की छात्रा किम्बर्ली (कैमरन डियाज) से शादी करने जा रहा है, तो वह माइकल को वापस पाने का प्रयास करती है।



# कर्मा कॉलिंग का दमदार टीजर आउट


**मुंबई।** रवीना टंडन की अपकमिंग सीरीज कर्मा कॉलिंग का टीजर रिलीज हो गया है। टीजर में रवीना का शानदार अंदाज देखने को मिल रहा है। ये सीरीज डिज्नी प्लस हॉटस्टार में रिलीज होगी। रुचि नारायन के निर्देशन में बनी इस सीरीज में रवीना एक अमीर शख्सियत इंद्राणी कोठारी का किरदार निभाती दिखाई देंगी। कर्मा कॉलिंग की रिलीज डेट का ऐलान भी किया गया है। कर्मा कॉलिंग अमीरों की दुनिया की असलीयत बताती है। सीरीज में दिखाया जाएगा कि इंद्राणी कोठारी की ग्लैमर और चकाचौंध से भरी दुनिया में कितना धोखा भरा है। ये सीरीज 26 जनवरी को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हो रही है। रवीना ने बताया कि वह इस सीरीज के साथ जुड़कर बहुत खुश हैं। उन्होंने इससे पहले कभी भी ऐसा किरदार नहीं निभाया।



# फाइटर का गाना शेर खुल गए रिलीज

**मुंबई।** फिल्म 'फाइटर' का गाना 'शेर खुल गए' रिलीज हो गया है। डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद ने इस पार्टी सीजन सॉन्ग के साथ अपनी फिल्म के म्यूजिकल सफर की शानदार शुरुआत कर दी है। धमाकेदार डांस बीट्स से भरपूर, 'शेर खुल गए' आपके पार्टी के जज्बे को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का वादा करता है। अपने कमाल के डांसिंग स्किलस के लिए मशहूर ऋतिक रोशन भी सरप्राइज करने में फेल नहीं होते हैं। इस गाने में उनके डांस मूव्स बेहद शानदार हैं। साथ ही वो हर कदम पर जादू बिखेरते हुए इस गाने को दर्शकों के लिए एक सदाबहार ट्रीट बनाते हैं। इसके अलावा गाने में करण सिंह ग्रोवर, संजीदा शेख और अक्षय ओबेरॉय ने जोशिला माहौल बनाया है। 'शेर खुल गए' गाने को विशाल ददलानी, शेखर रावजियानी, बेनी दयाल और शिल्पा राव ने अपनी आवाज दी हैं।

टीवी मसाला



# सुगंधा ने बेटी को दिया जन्म बेबी गर्ल का शेयर किया फोटो

**मुंबई।** कॉमेडियन सुगंधा और संकेत भोसले माता-पिता बन गए हैं। हाल ही में, सुगंधा ने अपने बेटी को जन्म दिया है। उनके पति संकेत ने सोशल मीडिया पर फैंस के साथ ये गुडन्यूज शेयर की है। सिंगर, एक्ट्रेस और कॉमेडियन सुगंधा मिश्रा ने अक्टूबर महीने में अपनी प्रेग्नेंसी की अनाउंसमेंट की थी। अब अभिनेत्री ने शादी के ढाई साल बाद अपने पहले बेबी का स्वागत किया है। सोशल मीडिया पर एक क्यूट वीडियो के जरिए संकेत ने बेबी गर्ल के जन्म की जानकारी दी। संकेत भोसले ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर हॉस्पिटल से एक वीडियो शेयर किया है। क्लिप में संकेत कहते नजर आ रहे हैं कि वह पिता बन गए हैं। उन्होंने अपनी पत्नी सुगंधा की भी झलक दिखाई, जिनके चेहरे पर बेटी के जन्म की खुशी साफ जाहिर कर रही है। संकेत ने अपनी लाडली की पहली फोटो शेयर की, जिसमें वह और सुगंधा अपनी लाडली के साथ फोटो खिंचवा रहे हैं। हालांकि, संकेत ने बेटी के चेहरे को इमोजी से ढक दिया। रोहित रॉय समेत बाकी सेलेब्स और फैंस उन्हें बधाइयां दे रहे हैं। सुगंधा मिश्रा को कॉमेडी शो 'द कपिल शर्मा शो' से पॉपुलैरिटी मिली है। वह शो में अपनी कॉमिक टाइमिंग से दर्शकों को हंसाने का कोई मौका नहीं छोड़ती थीं। कॉमेडी के अलावा सुगंधा एक शानदार सिंगर भी हैं, जो सा रे गा मा पा के मंच पर भी अपनी आवाज का जादू चला चुकी हैं।

# वैष्णवी हुईं मारपीट का शिकार मदद की लगाई गुहार



टीवी अभिनेत्री वैष्णवी धनराज का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। इसमें एक्ट्रेस मदद की गुहार लगाती हुई दिख रही हैं। वैष्णवी के चेहरे और शरीर पर चोट कई निशान हैं। वीडियो में एक्ट्रेस ने कहा कि उनके साथ परिवार वालों ने मारपीट की है। वैष्णवी ने अपना एक वीडियो जारी करते हुए खुद के साथ हुए हाथापाई के बारे में बताया और सभी से मदद करने के लिए रिक्वेस्ट की। एक्ट्रेस ने अपने चेहरे, होंठ और हाथ पर लगे चोट के निशानों को भी कैमरे पर दिखाया। वैष्णवी धनराज ने बताया कि उन्होंने ये वीडियो पुलिस स्टेशन से शूट किया है। वैष्णवी ने वीडियो में कहा, नमस्ते, मैं वैष्णवी धनराज हूं।

# परिवार के साथ तिरुपति बालाजी पहुंची दीपिका

मुंबई। अभिनेत्री दीपिका पादुकोण अपनी आगामी फिल्म फाइटर को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म की रिलीज से पहले अभिनेत्री अपने परिवार के साथ तिरुपति बालाजी मंदिर के दर्शन करने गईं। दीपिका अपनी मां, पिता और बहन के साथ तिरुपति बालाजी मंदिर के दर्शन करने पहुंचीं। शेयर किए गए वीडियो में अभिनेत्री को सुबह-सुबह भगवान के दर्शन करते हुए देखा गया। उन्होंने फैमिली के साथ मंदिर में माथा टेका। इस दौरान दीपिका पादुकोण ट्रेडिशनल लुक में नजर आईं। उन्होंने बेज कलर का एथनिक आउटफिट पहना था। कानों में चांद बालियां, हेयर बन और लाल कलर की चुनरी ओढ़ी दीपिका हमेशा की तरह सुंदर लग रही थीं। दीपिका का ये वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।



# डिजिटल प्लेटफॉर्म पर डेब्यू करेंगे सिद्धार्थ



**मुंबई।** एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा अब रोहित शेट्टी के कॉप्स वर्ल्ड का हिस्सा बन चुके हैं। वह जल्द ही रोहित शेट्टी की डेब्यू सीरीज 'द पुलिस फोर्स' से ओटीटी की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं। सिद्धार्थ डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपना डेब्यू कर रहे हैं। 'इंडियन पुलिस फोर्स' के निर्देशक-निर्माता रोहित शेट्टी ने हाल ही में अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर कॉप एक्शन ड्रामा वेब सीरीज का एक नया पोस्टर शेयर किया है। इसमें आंखों पर चश्मा लगाए और पुलिस आधिकारिक लुक में सिद्धार्थ मल्होत्रा नजर आ रहे हैं। उनके साथ ही विवेक ओबेरॉय और शिल्पा शेट्टी भी पोस्टर में दिखाई दे रहे हैं। रोहित शेट्टी ने बताया कि इस सीरीज का टीजर 16 दिसंबर को रिलीज किया जाएगा। इंडियन पुलिस फोर्स' सीरीज 19 जनवरी को रिलीज हो रही है। ये वेब सीरीज दुनियाभर में अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम की जाएगी।



# जो मुश्किल नहीं है वो प्यार नहीं : मौनी

**मुंबई।** 'टेम्पटेशन आइलैंड इंडिया' की मेजबानी कर रही अभिनेत्री मौनी रॉय ने शो में रिश्तों के भीतर की चुनौतियों पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि वास्तविकता एक बार फिर कल्पना से अधिक विचित्र साबित हुई है। मौनी ने कहा, जो कभी विला में रहते थे, वे अब सार्थक संबंधों में विकसित हो गए हैं। प्यार का अंतिम फैसला सुनाना आसान काम नहीं होगा। इस शो ने मात्र आकर्षण को रिश्तों के बारे में गहन अहसास में बदल दिया है। सही ही कहते हैं, जो मुश्किल नहीं है, वो प्यार नहीं है। उन्होंने आगे जोर देकर कहा, मैंने शो में व्यक्तियों को महत्वपूर्ण परिवर्तनों से गुजरते हुए, मजबूत और आत्मविश्वासी व्यक्तित्व के रूप में विकसित होते देखा है। साथ ही कई लोगों ने अपनी पूरी क्षमता से अपने संबंधों की गहराई का पता लगाया। मैं वास्तव में इन जोड़ों के जीवन में खुल रहे अध्यायों को देखने के लिए उत्सुक हूं।

## अपने अभिनय से सिल्वर स्क्रीन पर मचाएंगे धूम

# नए साल में देखने मिलेंगी रोमांचक जोड़ियां

एजेंसी ⏭ मुंबई

जैसे-जैसे वर्ष 2024 सामने आएगा, बॉलीवुड प्रेमी खुद को ताज़ा और आकर्षक ऑन-स्क्रीन जोड़ियों की एक श्रृंखला के लिए तैयार कर सकते हैं जो अपनी केमिस्ट्री और करिश्मा के साथ सिल्वर स्क्रीन पर धूम मचाने का वादा करती हैं। हाई-ऑक्टेन एक्शन से लेकर दिल छू लेने वाले रोमांस तक, आगामी रिलीज विभिन्न प्रकार की शैलियों का दावा करती है, जो यह सुनिश्चित करती है कि हर सिनेमा प्रेमी के लिए कुछ न कुछ हो। आइए गतिशील जोड़ी और उनकी बहुप्रतीक्षित परियोजनाओं पर एक नज़र डालें।




### विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना - चावा

लक्ष्मण उतेकर ने चावा में विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना को निर्देशित किया है। चूंकि इस महीने उनकी संबंधित फिल्में बॉक्स ऑफिस पर टकरा रही हैं, प्रशंसक 6 दिसंबर, 2024 को इस आगामी रिलीज में उनके पहले सहयोग का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### राशि खन्ना और सिद्धार्थ मल्होत्रा - योद्धा

एक्शन से भरपूर फिल्म /"योद्धा/" में एक ताजा जोड़ी ने प्रशंसकों को उत्सुक कर दिया है। राशि खन्ना और सिद्धार्थ मल्होत्रा इस आगामी थ्रिलर में स्क्रीन पर तीव्रता और जोश लाने के लिए तैयार हैं।



### शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े - देवा

/"देवा/" में शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े के साथ दशहरा मनाएं। एक हाई-प्रोफाइल मामले की जांच कर रहे एक विद्रोही पुलिस अधिकारी की यह गहन कहानी दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखने का वादा करती है।

### कृति खरबंदा और सनी सिंह - रिस्की रोमियो

/"रिस्की रोमियो/" में कृति खरबंदा और सनी सिंह के साथ एक रोलरकोस्टर सवारी के लिए तैयार हो जाइए। यह होनहार जोड़ी इस रोम-कॉम में हंसी, प्यार और शायद जोखिम की खुराक देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति - मेरी क्रिसमस

अपनी मूल रिलीज़ 8 दिसंबर, 2023 से 12 जनवरी, 2024 तक स्थानांतरित होकर, मेरी क्रिसमस कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति की अप्रत्याशित लेकिन दिलचस्प जोड़ी को एक साथ लाती है। श्रीराम राघवन द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक आनंदमय सिनेमाई आश्चर्य होने की उम्मीद है।

## खबर संक्षेप



### कटघोरा थाने को उपलब्ध कराया गया कूलर व आरओ

**कटघोरा।** चैतन्य इंडिया फिन क्रेडिट प्राइवेट लिमिटेड माइक्रो फाइनेंस ने थाना कटघोरा को वाटर कूलर व आरओ उपलब्ध कराया। जिसका शुभारंभ थाना प्रभारी तेज कुमार यादव व रीजनल मैनेजर कुमार अमन के द्वारा कराया गया। चैतन्य इंडिया फिन क्रेडिट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा समय समय पर सीएसआर मद से थाना, प्रखंड कार्यालय, अस्पताल समेत अन्य सार्वजनिक स्थलों में सामान उपलब्ध कराया जाता है। थाना परिसर में वाटर कूलर व आरओ लगने से लोगों को लाभ मिलेगा। इस मौके पर कंपनी के क्षेत्रीय व्यवस्थापक चंद्रपाल श्रीवास, ब्रांच मैनेजर लिलेश कुमार साहू, थाना से कांस्टेबल राम सुदीप मरकाम, अजय खूटले व पुलिस कर्मचारी मौजूद थे।

### पंचायत सचिव संघ के विजय अध्यक्ष, सचिव बने गनपत



**कोरबा।** पंचायत सचिव संघ कोरबा के जिलाध्यक्ष धरम भारद्वाज, जिला सचिव जितेंद्र जायसवाल के मार्गदर्शन में कोरबा ब्लॉक सचिव संघ का चुनाव सम्पन्न हुआ। ब्लाक हेतु नियुक्त निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार अग्रवाल व सहायक निर्वाचन अधिकारी ओमप्रकाश भास्कर ने निर्वाचन सम्पन्न कराया। निर्धारित अंतिम समय तक नामांकन न आने के कारण मनोनयन कर कोरबा ब्लॉक से सचिव संघ के अध्यक्ष विजय कुमार एक्का, उपाध्यक्ष ममता सोनी, उपाध्यक्ष धन सिंह, सचिव गनपत सिंह कंवर, कोषाध्यक्ष राजकुमार किस्पोट्टा को चुना गया। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक अध्यक्ष संतलाल कैवर्त व अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

### एनडीआरएफ की टीम द्वारा कैमिकल डिजास्टर से बचाव हेतु किया मॉक ड्रिल



**कोरबा।** कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देशन में शनिवार को एनडीआरएफ मंडली कटक उड़ीसा के टीम द्वारा एनटीपीसी कोरबा में जैविक, रेडियो लॉजिकल एवं न्यूक्लियर से संबंधित कैमिकल डिजास्टर का मॉक ड्रिल किया गया। एनडीआरएफ के अधिकारियों द्वारा मॉक ड्रिल में कैमिकल दुर्घटना से बचने की विस्तृत जानकारी देते हुए अपनाई जाने वाली उपायों के बारे में बताया गया। इस दौरान जिला सेनानी श्री पी.बी. सिदार सहित सीएसईबी, एनटीपीसी, बालको, एसईसीएल की रेस्क्यू टीम ने भाग लिया।

### महिला की संदिग्ध मौत जांच में जुटी पुलिस

**कोरबा।** एक 45 वर्षी महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मामले में पुलिस मर्ग कायम कर जहां शुरू कर दी है। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र के खरमोर शंकर नगर की है। यहां निवासरत भेदो बाई 45 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है। घटना की सूचना मिलने पर सिविल लाइन थाने में पदस्थ एएसआई राकेश कुमार गुप्ता दलबल सहित मौके पर पहुंचे थे, जहां पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई उपरांत शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस का कहना है कि मामले में पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा, संभावना जताई जा रही है कि महिला की मौत हृदयाघात से हुई है, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### प्राणघातक हमले का फरार आरोपी हुआ गिरफ्तार

**कोरबा।** कोतवाली पुलिस ने वार्ड क्रमांक 2 निवासी युवक के ऊपर 6 माह पूर्व प्राणघातक हमला करने वाला आरोपी विकास नगर कुसमुंडा निवासी हमलावर को शनिवार को पुलिस ने धर दबोचा। जिसे न्यायिक रिमांड पर कोरबा न्यायालय पेश किया जा रहा है। तुलसी नगर निवासी इमरान खान के ऊपर सामाजिक व पुरानी रंजिश को लेकर विकास नगर कुसमुंडा निवासी मो.अफरोज अंसारी उम्र 27 पिता मो.खलील अंसारी ने अपने साथियों के साथ प्राणघातक हमला कर लहूलुहान कर दिया था। इस मामले में कुछ आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर लिया था, जबकि अफरोज फरार था। जिसे एसआई अजय सिंह, आरक्षक सुनील राजपूत और चंद्रकांत गुप्ता ने धर दबोचा।

## मामला बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का

# पदक जीतने वाले खिलाड़ी को अधूरे दस्तावेजों के फेर में उलझाकर हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य स्तरीय ताइक्वांडो स्पर्धा में जिले के ताइक्वांडो खिलाड़ी को दस्तावेजों की खानापूर्ति के फेर में मेजबान महाविद्यालय

**खास बात**

- स्पर्धा में भाग लेने जिले से गई थी ताइक्वांडो की टीम

के द्वारा उलझाकर उसे जीतने के बाद भी पराजित घोषित कर दिया। एमएल महाविद्यालय सीपत की मेजबानी में बहतराई स्टेडियम में आयोजित इंटर कालेज स्टेट टूर्नामेंट में जीत हासिल करने वाले जिले का खिलाड़ी अगले पड़ाव के लिए क्वालीफाई किया पर मेजबान कॉलेज के प्राचार्य एवं खेल अधिकारी संतोष बाजपाई की मिलीभगत से उसके साथ खेला कर दिया। गेम में पॉलिटिक्स कर उसे जीतकर भी हारने को विवश कर दिया गया है।

इस पूरे मामले में जो जानकारी सामने आई है जिले के ताइक्वांडो खिलाड़ी अंकित प्रजापति ढेलवाडीह स्थित एके गुरुकुल रानी लक्ष्मी बाई कॉलेज का छात्र है।



अंकित।

उसने 80 किलोग्राम आयु वर्ग से ताइक्वांडो में 5 दिसंबर को जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए सीपत स्थित एमएल महाविद्यालय एनटीपीसी में आयोजित प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय की इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अंकित ने जीत हासिल किया और जोनल लेबल लेवल के लिए क्वालीफाई भी किया । इस बीच उसके दस्तावेजों में कमी बताते हुए उसे अगले चरण में हिस्सा लेने में अड़चन बताई गई। इस कमी को पूरा करने अंकित अपने ढेलवाडीह कॉलेज आया और मांगे गए दस्तावेजों की औपचारिकता पूर्ण कर पुनः विश्वविद्यालय के सबंधित विभागाध्यक्ष प्रमोद सर से भेंट की और अपने प्रमाण पत्र सबमिट कर दिया। उन्होंने प्रक्रिया आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया पर एक बार उसे निराश किया गया। सीपत महाविद्यालय के खेल अधिकारी बाजपाई ने यह कहते हुए उसे अगले चरण में शामिल करने से इंकार कर दिया कि दस्तावेज प्रस्तुत करने में देरी हुई और उन्होंने फायनल लिस्ट भेज दी है। इस तरह से अपनी मेहनत के बल पर खेल करियर में कुछ मुकाम हासिल कर रहे प्रतिभावान खिलाड़ी को स्पोर्ट्स में पॉलिटिक्स का शिकार बनाते हुए हतोत्साहित किया जा रहा है, जो उचित नहीं।

**असफल खिलाड़ी को लिस्ट में जगह**

इसके बाद यह समस्या अंकित ने ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के ज्वाइंट सेक्रेटरी और छत्तीसगढ़ ताइक्वांडो संघ के महासचिव अनिल द्विवेदी से साझा की। जब श्री द्विवेदी ने विश्वविद्यालय के खेल अधिकारी से चर्चा की, तो उनका कहना था कि अंकित उस स्पर्धा में हार गया था। इस तरह विश्वविद्यालय के एक जिम्मेदार अधिकारी द्वारा गलती को सुधारने की बजाय अलग अलग बातें कर गुमराह भी किया जा रहा है। इतना ही नहीं, अगले चरण की प्रतियोगिता में भी सीपत में हारे हुए खिलाड़ी को जगह दी गई है, जो अंकित के साथ हुए अन्याय को जाहिर करता है।

## भारी वाहनों पर रोक लगाने विधायक देवांगन ने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा विधायक लखनलाल देवांगन एक्शन मोड पर आ गए हैं, श्री देवांगन ने कलेक्टर को पत्र लिखकर कहा है की बालको से हजारों के तादात में प्रतिदिन भारी वाहनों से राख और कोल परिवहन किया जाता है, जिसके कारण उक्त मार्गों पर भारी वाहनों के परिचालन से सड़क हादसे बढ़ रहे हैं। स्कूल, कॉलेज के साथ आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन हो रहे हादसे से लोगों में आक्रोश व्याप्त है।



लखनलाल।

विधायक श्री देवांगन ने कलेक्टर सौरभ कुमार को कहा है कि भारी वाहनों पर नो एंट्री जल्द से जल्द लगाए। सुबह 5 बजे से रात 10 बजे तक राखड़ और कोयले के परिवहन पर प्रतिबंध लगाए। इसके अलावा एनजीटी की नई गाइडलाइन के मुताबिक राख का परिवहन कैप्सूल वाहनों से हो, ताकि सड़कों पर डस्ट की समस्या कम हो। राखड़ परिवहन के लिए प्रतिदिन मात्रा भी तय हो। भारी वाहनों से हो रहे हादसे पर नाराजगी व्यक्त करते हुए विधायक श्री देवांगन ने प्रशासन को तत्काल पत्र लिखकर व्यवस्था ठीक करने कहा है। बहुत जल्द सभी उपक्रमों और विभाग की कोरबा विधायक बैठक लेंगे। श्री देवांगन ने कलेक्टर को लिखे पत्र में कहा है कि बालको प्रबंधन अपने कोल और राखड़ परिवहन के लिए 6 महीने के भीतर अलग सड़क का निर्माण कराएं। इसके अलावा विधायक श्री देवांगन ने कुसमुंडा से इमलीछापर मार्ग को जल्द पूरा कराने के लिए भी निर्देशित किया है। विधायक ने पत्र में लिखा है की सड़क का काम विलंब से चल रहा है, इससे जाम और लोगों को परेशानी हो रही है। नियमित तौर पर पानी का छिड़काव करने के लिए भी कहा गया है।

## सतनामी समाज के वरिष्ठजन द्वारा किया जाएगा रचनात्मक कार्यः मनीराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अखिल भारतीय सतनामी युवा कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनीराम जांगड़े के नेतृत्व में परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा की 267वीं जयंती एवं गुरु पर्व के अवसर पर जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य लाभ ले रहे कुपोषित बच्चों को पोषण आहार एवं मरीजों को फल वितरण किया जाएगा। इसी के साथ मुड़ापार स्थित कुष्ठ आश्रम में निवासरत समस्त वृद्धिजनों को भोजन कराया जाएगा। उक्त कार्यक्रम दोपहर 11.30 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा। गुरु पर्व के मुख्य आयोजन स्थल सतनाम प्रांगण टीपी नगर में पहुंचकर सेवा भावी कार्य करेंगे। अखिल भारतीय सतनामी युवा कल्याण समिति प्रतिवर्ष गुरु घासीदास की जयंती के अवसर पर रचनात्मक कार्य किया जाता है। गुरु घासीदास बाबा के जो संदेश है मनखे मनखे के एक समान की इस वाणी को चरितार्थ करने हेतु इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करते हैं, किसी प्रकार में कोई भेद न हो उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सतनामी समाज के राज महँत, जेपी कोसले, डॉ.गोपाल कुर्रे, रवि खुटे, भुवनेश्वर कुर्रे, दादूलाल मनहर, सुरेश धारी, अश्वनीकांत, लखन लहरे, दिनेश कुर्रे, नरेंद्र भारद्वाज, डॉ.रोहित वारे, अशोक पतले, कमलेश अनंत, खोलबहरा रत्नाकर, सुरेश महिलांगे, नरेश टंडन, तुलेश्वर बंजारे, प्रवीण गेंदले, अमित ओगरे, रामू जांगड़े, गौतम कुमार लहरे, विशाल, रामजनजान, डॉ जयकुमार लहरे, रामकुमार माथुर सहित समाज के वरिष्ठ जन शामिल रहेंगे।

### पंपहाउस कालोनी में साफ सफाई व्यवस्था बेहाल

**कोरबा।** पंपहाउस कालोनी में साफ-सफाई व्यवस्था बेहाल है। बार-बार ध्यानाकर्षण के बावजूद यहां के अस्वच्छ माहौल ने लोगों को परेशान कर रखा है। कालोनी में नियमित रूप से साफ-सफाई नहीं होने को लेकर नागरिकों की शिकायतें कोई एक-दो महीने से नहीं बल्कि लंबे समय से बनी हुई है। कहने के लिए यह कालोनी है लेकिन तस्वीर देखने से ऐसा लगता नहीं है। जहां-तहां कचरे का ढेर, गंदगी से अटी पड़ी नालियां और यहां-वहां से दुर्गंध को लेकर परेशानी-जैसे यह यहां की सबसे अलग पहचान बन गई है। शिकायत है कि सिविल विभाग के ठेके के बावजूद इस तरह की परेशानियां उनके सामने है। लोगों का सवाल है कि आखिर कंपनी ठेका क्यों दे रही है और ठेकेदार को किस आधार पर भुगतान किया जा रहा है। कालोनी में लगातार कई बीमारियां पैर पसार रही है।

## कटघोरा विधायक ने ग्राम सिंघाली, ढेलवाडीह अरदा और शुक्लाखार का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल के विधायक बनने के पश्चात सिंघाली, ढेलवाडीह, अरदा, शुक्लाखार गांव का दौरा किया गया। इस दौरान विधायक श्री पटेल का सभी कार्यकर्ताओं उत्साह के साथ स्वागत किया। इस मौके पर जिला मंत्री संजय शर्मा, मण्डल अध्यक्ष धन्नू प्रसाद दुबे, मण्डल महामंत्री राजेन्द्र टण्डन, कोषाध्यक्ष अजय धनोंदिया, पूर्व जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा मीना शर्मा उपस्थित थे।

इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि पिछले 5 वर्षों से हमारा गांव मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहा है। जिसपर विधायक श्री पटेल ने कहा कि जिस उम्मीद व विश्वास के साथ आप सभी ने मुझे विधानसभा में विधायक बनाकर भेजा है उसके लिए मैं आप सभी का हृदय से धन्यवाद देता हूं व आप सभी को विश्वास दिलाता हूं कि आप लोगों की जो भी समस्या है जल्द ही निराकरण कर दिया जाएगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आप सभी के लिए जो भी योजनाओं की घोषणा की गई थी उसे तत्काल से प्रारम्भ कर दिया गया। जिसमें 31 सौ रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी, 18 लाख रुके हुए गरीबों के लिए आवास योजना का पुनः निर्माण प्रारंभ, 5 सौ रुपये में गैस सिलेंडर का वितरण, महतारी योजना के अंतर्गत सभी महिलाओं को 12 हजार रुपये वितरण जैसे अनगिनत जितने भी घोषणा पत्र में घोषणा किया गया है आप सभी उसका लाभ ले सकते हैं। इस अवसर पर डाकेश्वर शुक्ला, अजय दुबे, मनोज सोनी, ओमप्रकाश डिक्सेना, राधेश्याम, राघवेंद्र, अरविंद सिंह राजपूत, राणा, राजेश साहू, भागवत साहू, घनश्याम पांडे, सर्जुन सिंह, रामचनर साहू, भरत लाल, राजकुमार कश्यप, कौशिल्या कंवर, बालकदास, दीपक, प्रकाश पैकरा, विनय सिंह सहित ग्रामीण उपस्थित थे।




कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित अतिथि।

**बिजनेस साइट**

## न्यू जेके ज्वेलर्स अब अपने नए भव्य शोरूम में



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पावर हाउस नहर पुल के पास स्थित न्यू जेके ज्वेलर्स के नए एवं भव्य शोरूम का शुभारंभ शनिवार को किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गुरुदेव गौरव कृष्ण गोस्वामी ने दीप प्रज्वलित कर नए शोरूम का शुभारंभ किया और संचालक जय सोनी को उनके परिवार एवं समस्त स्टाफ सहित आशीर्वाद प्रदान कर नए शोरूम शुभांरभ की शुभकामना दी। न्यू जीके ज्वेलर्स के संचालक जय सोनी ने बताया कि हम विगत 10 वर्षों से कोरबा में ज्वेलर्स शोरुम संचालित कर रहे है। मूलतः जांजगीर के जय सोनी ने कोरबा में ग्राहकों की स्वर्ण आभूषणों के प्रति रुचि जानकर कोरबा में अपनी संस्थान प्रारंभ की। कोरबा के ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद उन्हें प्राप्त हुआ। विभिन्न अवसर पर विभिन्न प्रकार की ऑफर ग्राहकों को उपलब्ध कराकर जय सोनी ने ग्राहकों को सही कीमत पर सही एवं शुद्ध आभूषण दिए। न्यू जेके ज्वेलर्स के संचालक जय सोनी ने बताया कि यह हमारे ग्राहकों का विश्वास ही है जिसने हमें और सुदृढ़ बनाया और आज हम अपने नए एवं भविष्य शोरूम में ग्राहकों के लिए उपलब्ध है।

## हनुमान से मिलती है सच्चे सेवक की सीखः दीदी मन्दाकिनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

लीलागर नदी के तट पर स्थित श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण में शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में त्रिबिध कार्यक्रम श्रीराम कथा एवं श्रीराम विवाह, श्रीराम नाम जप एवं लेखन अनुष्ठान में कथा व्यासपीठ से दीदी मन्दाकिनी श्रीराम किंकर ने कथा का रसपान कराते हुए बताया कि जब प्रभू श्रीराम व लक्ष्मण जंगल में विचरण कर रहे थे तो वानरराज सुग्रीव के गुप्तचरों ने उन्हें सूचना दी कि दो सुंदर युवक जंगल में घूम रहे हैं। तब सुग्रीव ने हनुमान को बुलाकर दोनों युवाओं के बारे में जानकारी लेने भेजा। हनुमान जी मनुष्य के रुप में श्रीराम प्रभू के पास पहुंचे, किंतु प्रभु की महिमा हनुमान जी को पहचान गए और हनुमान जी अपने असली रुप में आ गये। जिसके बाद हनुमान जी ने श्रीराम व लक्ष्मण जी को सुग्रीव के पास अपने कन्धों पर बैठाकर सुग्रीव जी के पास लेकर गये। दीदी मां मन्दाकिनी ने कहा कि यदि समाज में लोग पद, प्रतिष्ठा पाकर आगे बढ़ते हैं, तो उन्हें गिराने वाले भी होते हैं। ऐसे में हमें अपने कर्म, धर्म करते हुए अपनी जीवन की डोर अपने प्रभू के हाथ में सौंप देना चाहिए फिर कोई चिंता नहीं करनी चाहिए। श्रीराम कथा प्रतिदिन शाम 4 बजे से शाम 7 बजे तक चलती है। कथा श्रवण करने पहुंचे श्रद्धालुओं में बोधराम कंवर, श्याम बाई कंवर, पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, मीरा कंवर, प्रमीला कंवर, मदनलाल राठौर, रमेश अहिर, चंद्रहास राठौर, रमेश अहिर, प्रभा तंवर, कदम यादव, राय सिंह तंवर, विजय जायसवाल, कन्हैया राठौर, गोपाल यादव, डां.अनिल पांडे, प्रो.अखिलेष पांडे, अशोक कुमार मिश्रा आदि शामिल हुए।

**खास बात**

- हरदीबाजार लीलागर नदी के तट पर स्थित रामजानकी मंदिर में चल रही रामकथा



कथा वाचन करती दीदी मंदाकिनी।

## लीडरशिप एवं टीम डायमिक्स पर एक दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कोरबा क्षेत्र द्वारा शनिवार को एसआरसी क्लब-कोरबा क्षेत्र में विषय लीडरशीप एवं टीम डायमिक्स पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि हिमांशु डोंगरे आईएफएस कोरबा वन मंडल द्वारा वन्यजीव सरंक्षण पर जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि कैसे पृथ्वी पर सभी के लिए बेहतर रहने के लायक बनाया जा सके। शैख़ ज़ाकिर हुसैन वरिष्ठ प्रबंधक (खनन), एसईसीएल मुख्यालय द्वारा लीडरशिप एवं टीम डायमिक्स पर कार्यशाला का आयोजन कर लोगों को जानकारी दी गई। इस अवसर पर टीम बिल्डिंग पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी, जिसमें कोरबा क्षेत्र के अधिकारीयों व कर्मचारीयों ने हिस्सा लिया। एसईसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंधक निर्देशक डॉ पीएस मिश्रा द्वारा की गयी पहल, मिशन नचिकेता के अंतर्गत इस कार्यशाला का सफ़ल संपादन कोरबा क्षेत्र के महाप्रबंधक दीपक पंड्या के मार्गदर्शन में पर्यावरण व वन विभाग, क्षेत्रीय मुख्यालय कोरबा क्षेत्र द्वारा कराया गया। संचालन विनोद सिंह एवं आभार नोडल अधिकारी वन एवं पर्यावरण स्वप्निल सुमन द्वारा किया गया।



प्रशिक्षण उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारी।

## स्पाइनल एनेस्थीसिया से बचाई मरीज की जान

**रायगढ़।** फोर्टिस ओपी जिंदल हॉस्पिटल में जमुना बाई बदला हुआ नामद्ध नाम की महिला मरीज भर्ती हुई थी जिसकी उम्र 70 साल है जिनके जांघ की हड्डी टूटी हुई थी जिसका इलाज ऑपरेशन के द्वारा ही संभव था परंतु मरीज को ब्लड प्रेशर और मधुमेह की शिकायत थी और इनका दिल केवल 40 प्रतिशत ही काम कर रहा था दिल के इस हालत को देखते हुए डॉ. धर्मेन्द्र चौबे भारत सहित अन्य देशों को मिलाकर कुल 30 वर्षों का अनुभव के द्वारा विशिष्ट तरह का एनेस्थीसिया दिया गया छत्तीसगढ़ में इस अनोखी तकनीक का इस्तेमाल पहली बार फोर्टिस ओपी जिंदल हॉस्पिटल में किया गया है इसको कंटीन्यूअस स्पाइनल एनेस्थीसिया कहा जाता है एनॉर्मल एनेस्थीसिया की तुलना में इस एनेस्थीसिया में बहुत कम दवाई का उपयोग किया जाता है इस कंटीन्यूअस स्पाइनल एनेस्थीसिया विधि के द्वारा यदि ऑपरेशन की अवधि लंबी भी हो जाए तो इस एनेस्थीसिया अवधि को कितना भी बढ़ाया जा सकता है ।

**पृष्ठ 1 का शेष**

### बिलासपुर के बदमाशों...

गई थी, जहां दोनों टीम क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरा को चेक कर रहे थे। सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया गया। फुटेज में तीन संदेहियों की संलिप्तता दिख रही थी। जिसका फोटो निकालकर वाट्सअप एवं सोशल मीडिया में वायरल किया गया था, जो मुखबीर द्वारा सूचना मिली कि उपरोक्त संदेही चोर तोरवा बिलासपुर क्षेत्र के रहने वाला शातिर बदमाशों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। जिसके बाद पुलिस की टीम ने बिलासपुर तोरवा में दबिश देकर पटेलपारा तोरवा निवासी सुरेश पटेल उर्फ पान्तनु पटेल 33 वर्ष पिता गुहाराम पटेल, भीम कुमार साहू 30 वर्ष पिता रघुराम साहू को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी सुरेश पटेल से पूछताछ करने पर पहले तो चोरी करने से इनकार करता रहा। बाद में टीम द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर अपने अन्य साथी राजेश साहू उर्फ बंबईया और शशिकांत वैष्णव उर्फ फुन्थरु के साथ कोरबा जाकर चोरी करना बताया। आरोपियों के निशानदेही पर पुलिस ने चोरी गए माल को बरामद कर लिया है।

## संवेदना संस्था ने पहाड़ी कोरवाओं को बांटे कंबल

**कोरबा।** संवेदना परिवार ने बताती से आगे ग्राम गेरांव के पास पहाड़ी कोरवा से मिलकर उनका हालचाल जाना। संस्था के सदस्यों ने ठंड के मौसम के मद्देनजर पहाड़ी कोरवाओं को शाल और कम्बल का वितरण किये। इसके अलावा दैनिक जीवन के उपयोगी सामानों का भी वितरण किया। इस दौरान पल्लवी मिश्रा,नीलम, शोभा जितेंद्र सारथी, दीपक कश्यप का आर्थिक सहयोग प्राप्त हुआ। अखिलेश्वर उपाध्याय के दवारा शाल दिया गया एवं भोला यादव ने भी सहयोग दिया। संवेदना संस्था के अध्यक्ष श्रीजीत नायर और सुनील वर्मा, नीलम, देवा बंजारे, दीपक कश्यप, प्रवीण और गेराव गांव के कोटवार एवं ग्रामीण का सहयोग प्राप्त हुआ।





## खबर संक्षेप



### सरकार बनते ही शुरू हुआ चबूतरा का निर्माण कार्य

**हरदीबाजार।** भाजपा की जीत के साथ प्रदेश में मजबूत सरकार बनीं। वहीं 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के जन्मदिन को ध्यान में रखते हुए, प्रदेश की भाजपा सरकार ने गांवों में चौक पर बने सभी सभी अटल चबूतरा को संवारने का काम शुरू कर दिया है । इसी कड़ी में हरदीबाजार भांठापारा रेंकी चौक पर बना अटल चबूतरा जो जर्जर हो गया था उसे शासन के दिशा निर्देश में मरम्मत कार्य करवाया जा रहा है।

### स्व.नितेश कुमार अग्रवाल स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ




**कोरबा।** गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा मड़वारानी खेल मैदान में स्व.नितेश कुमार अग्रवाल स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ शनिवार को उदय पैकरा करारोपण अधिकारी करतला एवं श्रीमती मोहनमति कंवर क्षेत्रिय अध्यक्ष कंवर समाज के आतिथ्य एवं विद्यालय के प्राचार्य दीपक जायसवाल की अध्यक्षता में प्रारंभ किया गया। अतिथियों एवं खिलाड़ियों द्वारा स्व.नितेश कुमार अग्रवाल के तैल्यचित्र पर दीपप्रज्वलन कर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा सभी खिलाड़ियों को भारतीय परंपरानुसार रूबरू कराया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने अपने उद्बोधन में सभी टीमों को बधाईयॉ देते हुए वर्तमान में खेल के लाभ से अवगत कराया। क्रिकेट टूर्नामेंट के प्रथम दिवस बाराद्वार और भैसमा टीम के मध्य मैच कराया गया।

### कोल इंडिया के नए निदेशक तकनीकी की तलाश शुरू

**कोरबा।** कोल इंडिया के नए निदेशक तकनीकी की तलाश शुरू हो गई है। इसके लिए लोक उद्यम चयन बोर्ड ने आवेदन मांगे हैं। कोल इंडिया के वर्तमान निदेशक (तकनीकी) डॉ बीवीरा रेड्डी हैं। पीएम प्रसाद के कोल इंडिया चेयरमैन का प्रभार ग्रहण करने के बाद उन्हें सीसीएल के सीएमडी का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। लोक उद्यम चयन बोर्ड के अनुसार यह पद शिड्यूल ए का है। इसका वेतनमान 1.80 से 3.40 लाख रुपये है। यह पद 31 अगस्त 2024 को खाली हो रहा है। इसके लिए 8 जनवरी 2024 तक आवेदन मांगा गया है। जारी विज्ञापन के अनुसार कोल इंडिया और सहायक कंपनी में कार्यरत अफसरों के लिए आवेदन करने की अधिकतम उम्रसीमा 58 साल है। अन्य कंपनियों के लिए यह 57 साल तय है। इस पद पर अधिकतम पांच साल के लिए नियुक्ति होगी। हालांकि चयनित अफसर की उम्र 60 हो जाने पर वह रिटायर हो जाएंगे। तय समय तक आने वाले आवेदन की स्क्रूटनी के बाद आवेदकों को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा। इसके आधार पर लोक उद्यम चयन बोर्ड सीएमडी के नाम की अनुशंसा करेगा।

### लायंस क्लब कटघोरा का निःशुल्क परामर्श शिविर आज

**कटघोरा।** लायंस क्लब कटघोरा छुरी के तत्वाधान में अपोलो अस्पताल बिलासपुर के हृदय रोग विशेषज्ञ का परामर्श शिविर का आयोजन 17 दिसंबर की सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रैन बसेरा सहित वीर नारायण चौक में आयोजित किया गया है। हृदय रोग परामर्श शिविर में डॉक्टर राजू लोचन कॉर्डियोलॉजिस्ट उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर लायंस क्लब के अध्यक्ष अजय धनोंदिया, सचिव आशीष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नरेश अग्रवाल ने सभी नगरवासियों से निःशुल्क हृदय रोग परामर्श शिविर में उपस्थित होकर स्वास्थ्य लाभ उठाने की अपील की है।

### देवी जागरण का किया गया आयोजन

**कोरबा।** सार्वजनिक श्रीकृष्णा जन्माष्टमी उत्सव समिति पुरानी बस्ती द्वारा शुक्रवार को देवी जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय जस गायक मनीष मनचला और उनकी टीम ने रंगारंग भजनों की प्रस्तुति दी। सर्वप्रथम बतौर मुख्य अतिथि शामिल राजा रवि भूषण प्रताप सिंह ने मां भगवती के तैल चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत पूजा अर्चना की। इसके बाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वहीं आयोजन समिति के सदस्यों ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल डॉ विवेक रंजन महतो का भी पुष्प गुच्छ से आत्मीय स्वागत किया। यस गायक मनीष मनचला और उनकी टीम ने भक्ति संगीत की ऐसी प्रस्तुति दी जिसे सुनकर श्रद्धालु देर रात तक झूमने को मजबूर हो गए।

## मृतक के आश्रितों को बीमा कंपनी ने दिया 11 लाख रुपए

# नेशनल लोक अदालत में 4 हजार 370 प्रकरणों का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा द्वारा जिला एवं तहसील स्तर पर 16 दिसम्बर को सभी मामलों से संबंधित नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

डीएल कटकवार जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के आतिथ्य में एवं विशिष्ठ अतिथि अपर सत्र न्यायाधीश कु.संघपुष्पा भतपहरी, अपर सत्र न्यायाधीश, श्रीमति ज्योति अग्रवाल, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश कृष्ण कुमार सूर्यवंशी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोरबा अश्वनी चतुर्वेदी, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश, बृजेश राय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग एक कोरबा के अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश, श्रीमती प्रतिक्षा अग्रवाल, व्यवहार न्यायाधीश वर्ग दो श्री मंजीत जांगडे, संजय जायसवाल, अध्यक्ष, जिला अधिवक्ता संघ, कोरबा, बीके शुक्ला, सदस्य, छग राज्य विधिज्ञ परिषद बिलासपुर, श्रीमती रंजना दत्ता, अध्यक्ष, उपभोक्ता फोरम, मानसिंह यादव, चीफ लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम कोरबा दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम में उपस्थित थे। नालसा थीम सांग न्याय सबके लिये के साथ नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया। जिसमें न्यायालय में कुल 10724 प्रकरण रखे गये थे, जिसमें न्यायालयों में लंबित प्रकरण 2300 एवं प्री-लिटिगेशन के 8424 प्रकरण थे। जिसमें राजस्व मामलों के प्रकरण, प्री-लिटिगेशन प्रकरण तथा न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के कुल प्रकरणों सहित 4370 प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत में समझौते के आधार पर हुआ।



लोक अदालत के दौरान उपस्थित न्यायाधीश।

नेशनल लोक अदालत के अवसर पर आयुष चिकित्सा विभाग के सामंजस्य से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। उक्त स्वास्थ्य शिविर में लगभग 500 लोगों का स्वास्थ्य परिक्षण कराया एवं उनके स्वास्थ्यगत समस्याओं के अनुसार उन्हें दवाईयों का वितरण किया गया। शिविर में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं उनके रोग के अनुसार निःशुल्क दवा वितरण, निःशुल्क बीपी, सुगर जांच, मरीजों को खाने-पीने की सलाह सहित आमजनों को जानकारी दी गई। उक्त अवसर पर आयुष विभाग के चिकित्सकगण एवं अधिकारी कर्मचारीगण ने अपनी भागीदारी दी।

### वृद्ध माता-पिता को मिला न्याय

घटना 4 अगस्त को वृद्ध आवेदक का पुत्र अपना वाहन बनाने गया था। दिन के करीब 10 बजे हनुमान चैक नहर के पास मुख्य मार्ग में अनावेदक ने ट्रेलर लापरवाही पूर्वक चलाकर आवेदक के जवान पुत्र को ठोकर मारकर दुर्घटना में घायल कर दिया जिसका ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। आवेदक का पुत्र घर का एकलौता कमाने वाला था। जिसकी मृत्यु हो जाने से वृद्ध आवेदक एवं उनकी पत्नी पूर्णतः पुत्र पर वृद्ध आश्रित माता-पिता थे, बेसहारा हो गए थे, अब उनका लालन-पालन करने वाला कोई सहारा नहीं रहा। जिस कारण वाहन में सवार आवेदक की पत्नी की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो के कारण आवेदकगणों के द्वारा क्षति रकम प्राप्त करने हेतु अनावेदक के विरूद्ध मोटर यान अधिनियम 1988 की धारा 166 के अंतर्गत मान. न्यायालय के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया था। प्रकरण में आवेदकगण एवं अनावेदक (बीमा कंपनी) ने हाईब्रीड नेशनल लोक अदालत में संयुक्त रूप से समझौता कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया, जिसमें हाइब्रीड नेशनल लोक अदालत का लाभ लेते हुए आवेदकों ने 11 लाख 50 हजार बिना किसी डर-दबाव के राजीनामा किया, जिसे आज दिनांक से 30 दिवस के भीतर अदा किए जाने का निर्देश दिया गया।

## एनएसएस व यूनिसेफ ने चलाया जागरुकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

यूनिसेफ छत्तीसगढ़ व उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा बाल अधिकार पर स्कूल और गांव में जागरूकता अभियान चलाया। यूनिसेफ के सुरक्षित पारा, सुरक्षित लईकामन थीम को लेकर 15 व 16 दिसम्बर को विभिन्न कार्यक्रमों का अयोजन किया गया।

पीजी कॉलेज की प्राचार्य डॉ.साधना खरे के संरक्षण व जिला संगठक रासेयो डॉ वायके तिवारी के मार्गदर्शन में ग्राम संपर्क अभियान चलाया गया। जिसमें सहभागिता करने वाले बच्चों, युवाओं और आम नागरिक को बाल अधिकारों के प्रति प्रेरित किया जा रहा है। ग्राम संपर्क अभियान का मार्गदर्शन एवं पथ प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार पटेल व मधु कंवर द्वारा स्वयंसेवकों के साथ किया गया। ग्राम भुलसीडीह के शासकीय प्राथमिक शाला एवं आंगनबाड़ी केंद्र, बुंदेली के पूर्व माध्यमिक शाला, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत में गोष्ठी व शासकीय हाई स्कूल बुंदेली, गोढ़ी के हायर सेकेंडरी स्कूल, पंचायत जैसे चयनित ग्रामों के विभिन्न स्थानों में जागरूकता गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। जिनमे नुक्कड़ नाटक, खेल, रैली, संवाद, ग्रुप डिस्कशन, प्रश्नोत्तरी, कहानी, नारा, सर्वे, अभिनय जैसे अनेक जागरूकता गतिविधियां शामिल रही। इस दौरान 18 वर्ष तक के बच्चों को मुख्यतः उनके 4 अधिकार के बारे में बताया गया जिसमें जीवन जीने का अधिकार, विकास का अधिकार, सुरक्षा का अधिकार एवं सहभागिता का अधिकार शामिल है। इसके अतिरिक्त लड़का- लड़की में समानता, भेदभाव न करना, उचित पोषण के साथ लड़का एवं लड़की में यौन हिंसा पर भी चर्चा हुई। साथ ही बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098 तथा आपातकालीन महिला सुरक्षा, पुलिस सुरक्षा, चुप्पी तोड़ें, खुलकर बोलें 181 नंबर इत्यादि के बारे में बच्चों को बताया गया।

## संस्कृत नहीं तो संस्कार कैसे, कौशलपुर में भी संस्कृत गुरूकुल की स्थापना हो: कृष्ण शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

देश के प्रख्यात कथा वाचक कौशल किंकर की उपाधि प्राप्त भूषण कृष्ण शास्त्री ने प्रेस क्लब भवन तिलक नगर में प्रेसवार्ता में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि संस्कृत नहीं तो बच्चों में संस्कार कैसे आएगा। उन्होंने कहा कि कौशलपुर (मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़) में एक भी संस्कृत का गुरूकुल नहीं है और कौशलपुर के विद्यार्थियों को महंगी फीस देकर संस्कृत की शिक्षा एवं दीक्षा लेने दूर दूसरे प्रदेश जाना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि संस्कार तभी आ सकता है जब हमारी देववाणी संस्कृत का उत्थान, विस्तार और संस्कृत भाषा में समृद्धि आए। उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन को भी इस दिशा में पहल करनी चाहिए और सनातनी धर्म को आगे बढ़ाने के लिए संस्कृत गुरूकुल की स्थापना होनी चाहिए। एक प्रश्न के जवाब में कहा कि हमारे पास संसाधन का अभाव है और सनातनी धर्म से वास्ता रखने वाले उद्योगपति, कुबेर पुत्र इस दिशा में यदि अपना हाथ बढ़ाएं तो यह संभव हो सकता है। श्रीहरि परिवार द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन भी इस लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए कराया जाता है और इस महान लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज संस्कारित और सभ्य तभी बन पाएगा जब हम हर कार्य को वेद पुराणों के अनुसार करें और जीवन को अनुशासित बनाएं। सबसे पहले अभिभावकों को स्वयं जागृत होना पड़ेगा और दिनचर्या की शुरूआत सनातनी ढंग से करना होगा। रात को जल्दी सोना, अलसुबह उठकर माता-पिता का प्रणाम करना और फिर दिनचर्या की शुरूआत करनी चाहिए, तभी हमारी नई पीढ़ी संस्कार और अनुशासित होगी।



प्रेसवार्ता वो संबोधित करते हुए।

## नशा मुक्त समाज थीम पर सात दिवसीय शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नोडल शाला स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बिंझरा में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष संकुल भांवर में थीम नशा मुक्त समाज के लिए युवा के तहत 15 से 21 दिसंबर तक नोडल प्राचार्य एवं संरक्षक मनोज कुमार टंडन के संरक्षण में आयोजित की गई है। शिविर के मुख्य अतिथि श्रीमती शिवकला कंवर जिला पंचायत अध्यक्ष व अध्यक्षता सरपंच रामशरण सिंह कंवर ग्राम पंचायत भांवर उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथियों में श्रीमती संतोषी राजपेंद्रो अध्यक्ष जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा, अशोक चंद्राकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी, गुलाब दास महंत बीआरसीसी पोड़ी उपरोड़ा, सुरेश कुमार पोर्ते, गजेंद्र प्रजापति एसएमडीसी अध्यक्ष बिंझरा, श्रीमती शिवकुमारी उइके उप सरपंच बिंझरा, श्रीमती राजेश्वरी टेकाम उप सरपंच भांवर, रमेश सिंह कोराम पूर्व सरपंच भांवर व माध्यमिक शाला भांवर के एसएमसी अध्यक्ष बृजवाल सिंह टेकाम सहित शिक्षक स्टाफ तथा नोडल प्राचार्य सजेस बिंझरा, कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती संध्या साहू शामिल रहे।



## केवी में मनाई गई हीरक जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-2 एनटीपीसी में शुक्रवार को 60वें स्थापना दिवस के अवसर पर हीरक जयंती मनाई गई। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती अर्चना खरे ने सभी को बधाई देते हुए संगठन के सम्मान को शिखर पर पहुंचाने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। विद्यालय गीत भारत का स्वर्णिम गौरव की सार्थकता को विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से बताया कि किस प्रकार प्रत्येक क्षेत्र में केन्द्रीय विद्यालय के विद्यार्थी आगे बढ़कर हैं। शिक्षिका श्रीमती अर्चना ने केंद्रीय विद्यालय संगठन की आयुक्त निधि पाण्डेय के संदेश को पढ़ा। इस संदेश में उन्होंने शिक्षकों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों के समर्पण और परिश्रम के परिचायक केंद्रीय विद्यालय संगठन को एक दीपक की भांति बताया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में प्राथमिक विभाग की कक्षा पांचवी की छात्रा शैरिल और कक्षा चौथी की छात्रा साधना ने अपना भाषण प्रस्तुत किया। उन्होंने केंद्रीय विद्यालय संगठन की स्थापना के उद्देश्य के विषय में बताया। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक लखन राम ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय संगठन भारत में केंद्रीय सरकारी स्कूलों की एक प्रणाली है, जो भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के तत्वावधान में स्थापित है। अप्रैल 2023 तक इसके भारत में कुल 1,253 स्कूल हैं। विदेश में काठमांडू, मॉस्को और तेहरान में तीन स्कूल हैं। यह दुनिया की सबसे बड़ी स्कूलों की श्रृंखलाओं में से एक है। इसके मुख्यालय के अंतर्गत 25 क्षेत्रीय कार्यालय और 5 जोनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड ट्रेनिंग आते हैं। संगीत शिक्षक अशोक देवांगन ने भारत का स्वर्णिम गौरव गीत की शानदार प्रस्तुति की। मंच संचालन शिक्षक आरके देवांगन के द्वारा किया गया।

## सुबह मां ने तो रात में पिता ने खा लिया जहर, दोनों की मौत, 4 बच्चे हुए अनाथ

**जांजगीर-चांपा।** दाम्पत्य जीवन में चल रहे वाद-विवाद से क्षुब्ध होकर पत्नी ने सुबह जहर सेवन कर लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पति जब घर लौटा तो उसे इसकी जानकारी हुई। इसके बाद रात में उसने भी कीटनाशक पीकर अपनी जान दे दी। पति-पत्नी की आत्म हत्या के बाद उनके चार बच्चे अनाथ हो गए है। घटना पामगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम सेमरिया की है।

मिली जानकारी के अनुसार सेमरिया निवासी शत्रुघन गोड़ पिता छोटेलाल गोड़ उम्र 40 साल का उसकी पत्नी सावित्रीबाई गोड उम्र 35 साल के साथ शुक्रवार की सुबह किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई थी। इसके बाद पति शत्रुघन अपने काम से निकल गया, जब वापस घर आया तो देखा तो उसकी पत्नी अचेत अवस्था में घर में पड़ी हुई थी। उसे लेकर वह पामगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शाम को पोस्टमार्टम के बाद शव को लेकर घर पहुंचा।

***कोरबा।** हम होंगे कामयाब महिला शक्ति केन्द्र के पदाधिकारियों ने कोरबा विधायक लखनलाल देवांगन से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने बालको प्रबंधक से 33 प्रतिशत आरक्षण भर्ती की मांग एवं अन्य महिला संबंधित मांग को आवेदन दिया। इस अवसरपर मुख्य संरक्षक प्रतिनिधि सुनील सुना, जिला संयोजक श्रीमती गंगा यादव, संरक्षक सदस्य विनय टंडेल, पंचराम जांगड़े सहित अन्य उपस्थित थे।













